प्रेस विज्ञप्ति

श्री अजय कुमार साहनी ने इरेडा के मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर 2023

भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसएमई) में प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड वाला एक निपुण पेशेवर, श्री अजय कुमार साहनी ने भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के रूप में कार्यभार संभाला है। श्री साहनी ने तीन साल की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति पर सेवा करने के लिए 16 अक्टूबर 2023 को अपनी नई जिम्मेदारियाँ संभाला।

इरेडा में सीवीओ के रूप में नियुक्ति से पहले, श्री साहनी ने भारतीय रेलवे के बनारस लोकोमोटिव वर्क्स, वाराणसी में उप मुख्य अभियंता का पद संभाला था। इससे पहले, उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मनाली में प्रोजेक्ट 'दीपक 1059बीआरटीएफ' के तहत बॉर्डर रोड इंजीनियरिंग सर्विसेज में मैकेनिकल इंजीनियर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया था ।

.

भारतीय रेलवे में अपने पूरे कार्यकाल के दौरान, श्री साहनी ने कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसमें वैगनों का रखरखाव, 140-टन रेल क्रेन का संचालन और रखरखाव, दुर्घटना राहत ट्रेनों और दुर्घटना राहत मेडिकल वैन की देखरेख, चालक दल का प्रबंधन शामिल है। डीजल इंजनों का रखरखाव और संचालन, और परिष्कृत सीएनसी व्हील ट्यूनिंग और एक्सल टर्निंग लेथ मशीनों की स्थापना और रखरखाव शामिल है । उनकी व्यापक सेवा पूर्वी रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे और बनारस लोकोमोटिव वर्क्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में की है।

श्री साहनी ने असम के जोरहाट इंजीनियरिंग कॉलेज से मैकेनिकल में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (बीई) की डिग्री की है।

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने सीवीओ का पद संभालने पर श्री साहनी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री साहनी, सीवीओ के रूप में, संगठन के भीतर सत्यनिष्ठा , पारदर्शिता और सतर्कता के उच्चतम मानक को प्रभावशाली ढंग से बनाए रखेंगे।